क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सड़क की धूल, बारिश की बूंदें, पीठ पर 20-25 किलो का बैग... और चेहरे पर जिम्मेदारी... फिर भी मुस्कान नहीं छोड़ते! ये कोई फिल्म के हीरो नहीं... ये हैं हमारे सच?चे रियल लाइफ हीरो... डिलीवरी वाले भाई! जिन्हें हम अक्सर सिर्फ %डिलीवरी बॉय% बोलकर नजरअंदाज कर देते हैं। उन्हीं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। दरअसल, शुक्रवार को बरेली के रामडा होटल में एक अनोखा और बेहद खूबसूरत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा सेवक संघ की तरफ से विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े शहर के सैकड़ों डिलीवरी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम ने मंच से बड़ा सामाजिक संदेश दिया। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि किसी को उसके काम से जज क्यों करें? ये युवा हर मौसम में, हर हाल में लोगों तक जरूरी सामान पहुँचाते हैं। कोरोना काल में जब लोग घर से निकलने से डर रहे थे, तब यही डिलीवरी कर्मी दवा, खाना और जरूरत का सामान घर-घर पहुँचा रहे थे। ये सिर्फ डिलीवरी बॉय नहीं, समाज के असली सेवा योद्धा हैं। मेयर साहब ने आगे कहा कि समाज को मेहनत करने वाले हर व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए, कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता, सोच छोटी होती है। पार्थ गौतम फाउंडेशन के चेयरमैन पार्थ गौतम ने भी युवाओं की तारीफ करते हुए कहा कि आज का युवा मेहनत से अपनी पहचान बना रहा है। डिलीवरी सेक्टर में काम करने वाले हजारों युवा अपने परिवार की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। ये सिर्फ सामान नहीं, लोगों का भरोसा और जरूरत भी पहुँचाते हैं। युवा सेवक संघ का मकसद है। ऐसे मेहनतकश युवाओं को सम्मान देना और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। बताते चलें कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे और डिलीवरी कर्मियों का तालियों से भव्य स्वागत किया गया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### महिला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार / कोंच(जालौन)। आज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देती हुई श्री मति आरती कुशवाहा पत्नी जितेंद्र कुशवाहा निवासी नई बस्ती जवाहर नगर कोंच ने बताया है कि घटना दिनांक 2 7 मई की रात 11 बजे की है मेरे मोहल्ले के राहुल पुत्र डब्बू शराब के नशे में अपने साथ संजीव पुत्र रघुनाथ मोहित पुत्र पप्पू रुचि पत्नी संजीव निवासी गण मोहल्ला जवाहर नगर एक राय होकर अपने हाथों में लाठी डंडा लेकर मेरे दरवाजे पे आये व अकारण ही मुझे व मेरे पति को गंदी गंदी गलियां देने लगे कहा कि बाहर निकलो आज में तुम्हे जिंदा नहीं छोड़ेगे व मैने अंदर से कहा कि में घर पर अकेली हूं मेरे पति दूसरे मोहल्ले में किसी अन्य महिला के साथ रहते है तो वह लोग उग्र होकर मेरे दरवाजे में लाठी डंडा मारने लगे मुझको कहा कि बाहर निकल तू हमारे खिलाफ मोहल्ले के लोगों को भड़का ती है उक्त घटना मेरे घर के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे में देखी जा सकती है पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है

### भीषण गर्मी में डीएम अविनाश सिंह बने राहत के प्रहरी, आवास के बाहर लगवाया वाटर कूलर

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल पेश करते हुए



आमजन की सुविधा के लिए अपने आवास के बाहर वाटर कूलर लगवाया। जिलाधिकारी ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य राहगीरों, मजदूरों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विभिन्न कार्यों हेतु आने वाले नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान लोगों को राहत मिल सके तथा गर्मी जनित बीमारियों से बचाव हो सके। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह मानवता का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहयोग करे। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था करें और पशु-पक्षियों के लिए भी पानी उपलब्ध कराएं।

### स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बैठक में हीटवेव, टीकाकरण और अस्पताल व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।



बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए तथा हीटवेव को देखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ई-संजीवनी पोर्टल पर समय से फीडिंग, डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। संविदा डॉक्टरों को भी कार्य में ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी गई। साथ ही टीकाकरण अभियान में तेजी लाने, आशाओं के भुगतान और आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# IFTP में युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में करियर बनाने के दिए जा रहे खास मंत्र



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट (ढ्ढस्नञ्जक्क) के प्रांगण में प्रेस कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को जाना गया तथा बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एवं इंश्योरेंस (BFSI) सेक्टर में रोजगार सृजन हेतु संस्थान की बच्चों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। संस्थान में छात्रों को प्राइवेट सेक्टर में आसानी से नौकरी प्राप्त करने, इंटरव्यू स्किल, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं प्रोफेशनल कम्युनिकेशन की विशेष ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे युवाओं को बेहतर करियर अवसर मिल सकें।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक मनोज कुमार गुप्ता एवं गौरव नागपाल उपस्थित रहे। साथ ही छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक बना दिया।

# सरैनी तुरकुनिया में नाली निर्माण पर उठे सवाल, मानकों को ताक पर रखने का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरिया, पीलीभीत। विकासखंड अमरिया की ग्राम पंचायत सरैनी तुरकुनिया में चल रहे नाली निर्माण एवं इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता और घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों के विपरीत पीले ईंट और नदी की रेत का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का आरोप है कि सरकारी धन से कराए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी कर केवल खानापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अपने ही ईंट भट्टे की ईंटों का इस्तेमाल निर्माण कार्य में करा रहा है, जो नियमों के खिलाफ माना जा रहा है। आरोप है कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है और कुछ स्थानों पर बनी इंटरलॉकिंग एवं नालियों में शुरुआती दौर में ही खामियां नजर आने लगी हैं। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित विभागीय अधिकारी अब तक मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने तक नहीं आए हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 30 जून तक कराएं ई-केवाईसी, नहीं तो रुक सकती है पीएम-किसान की अगली किस्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों के लिए वार्षिक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि योजना को पारदर्शी बनाने, डाटा लीक रोकने तथा केवल वास्तविक एवं जीवित किसानों को ही योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पात्र किसान 30 जून 2026 से पहले अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करा लें, अन्यथा आगामी किस्तों का भुगतान रोका जा सकता है और किसान अपात्र श्रेणी में आ सकता है। विभाग के अनुसार लाभार्थी किसान दो माध्यमों से ई-केवाईसी करा सकते हैं। पहला, बायोमेट्रिक ई-केवाईसी, जिसके लिए किसान अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करा सकते हैं। दूसरा, फेशियल ई-केवाईसी, जिसे पीएम किसान मोबाइल ऐप अथवा ग्राम नोडल अधिकारी एवं फील्ड कर्मियों की सहायता से पूरा किया जा सकता है। कृषि विभाग ने सभी किसानों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते ई-केवाईसी पूर्ण कराकर योजना का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त करते रहें।

# दहेज हत्या में पिता-पुत्र गिरफ्तार, अन्य की तलाश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। दहेज हत्या के मामले में कैंट पुलिस महिला के पति आकाश और ससुर होमगार्ड जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि अन्य चार की तलाश में टीम लगी है। मृतिका वंदिता के पिता ने दामाद आकाश समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं आरोपी ससुराल पक्ष ने पुलिस को बताया कि वंदिता ने किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली थी। कैंट के गांव चौबारी निवासी जगदीश के बेटे आकाश का प्रेम विवाह भमोरा थाना क्षेत्र के मिलक मझारा गांव निवासी कृष्णपाल की बेटी वंदिता से हुआ था। मंगलवार की रात वंदिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसमें मृतिका के पिता कृष्णपाल पुत्र नेतराम ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था, शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उनकी बेटी वंदिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसकी हत्या कर दी गई। कैंट पुलिस ने इस मामले कृष्णपाल की तहरीर पर वंदिता के पति आकाश, ससुर जगदीश, सास रुपदेई, विजय, उमेश और सचिन के खिलाफ दहेज हत्या में मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने आकाश और उसके होमगार्ड पिता जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर संजय धीर का कहना है, दहेज हत्या प्रकरण में महिला के पति आकाश और ससुर जगदीश की गिरफ्तारी हो गई है। मुकदमें में नामजद अन्य को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तारी को टीम लगी है।

# हत्या के वांछित आरोपी को सीबीगंज पुलिस ने दबोचा



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना सीबीगंज पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार ग्राम जोगीठेर में शराब के नशे में हुए विवाद के बाद हरिओम भिटवारी पर लाठी-डंडों से हमला किया गया था, जिसमें उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में पहले एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। अब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पस्तौर मोड़ के पास से वांछित आरोपी रामदास कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## रामगंगा नहाने के दौरान चार किशोर बहे, तीन को बचाया, एक की डूबकर मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । फरीदपुर इलाके में बीते दिवस रामगंगा नदी में नहाने आए चार किशोर तैरकर नदी पार करते समय तेज बहाव के चलते




डूबने लगे। वहां मौजूद लोगों ने तीन को तुरंत ही बचा लिया। चौथे को करीब दो घंटे बाद खोजा जा सका। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भमोरा थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव के पास ही रामगंगा नदी बहती है। बृहस्पतिवार दोपहर गांव निवासी एकलव्य उर्फ ओम (16), बड़े भाई अश्विनी (17) व गांव के ही रजत (12) व सुमित (16) के साथ नदी में नहाने गया था। नहाते समय चारों किशोर तैरकर नदी पार करके फरीदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव की तरफ आने लगे। बरेली के फरीदपुर इलाके में बृहस्पतिवार को रामगंगा नदी में नहाने आए चार किशोर तैरकर नदी पार करते समय तेज बहाव के चलते डूबने लगे। वहां मौजूद लोगों ने तीन को तुरंत ही बचा लिया। चौथे को करीब दो घंटे बाद खोजा जा सका। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को राष्ट्रीय लोक दल ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। राष्ट्रीय लोकदल बरेली द्वारा शुक्रवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरन सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि पर कचहरी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में नेताओं ने चौधरी चरण सिंह के किसान हितैषी विचारों और संघर्षों को याद किया। नि. जिलाध्यक्ष मो. मतलूब एडवोकेट ने कहा कि चौधरी साहब ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गांवों के विकास के लिए समर्पित कर दिया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना, प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक और युवा जिलाध्यक्ष सुमित चौधरी ने भी उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत वितरण भी किया गया। इस दौरान शहादत हुसैन, नवनीत सिंह, वाहिद अली, मुस्तफा खान, शाकिर मंसूरी, तौफीक मंसूरी, परमेश्वरी कश्यप, जमुना प्रसाद, कमलकांत, सिराज हुसैन, अख्तर राजा, राजरानी, कुसुम देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।






# संस्कार समर कैम्प में बच्चों को मिले श्रेष्ठ संस्कारों के संदेश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। चौपला रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र में आयोजित तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प का समापन उत्साहपूर्वक हुआ, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को नैतिक मूल्य, योग, पर्यावरण संरक्षण एवं अच्छे संस्कारों की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर बरेली कैन्ट विधायक संजीव अग्रवाल ने बच्चों को माता-पिता व बड़ों का सम्मान करने और अच्छे संस्कार अपनाने का संदेश दिया। बीके नीता बहन जी ने कहा कि बाहरी सुंदरता से अधिक अंदरूनी गुण महत्वपूर्ण होते हैं। वहीं बीके पारुल बहन ने बच्चों को म्यूजिकल एक्सरसाइज व क्रिएटिव योग कराया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक-एक पौधा भेंट किया गया।



# गर्भवती के प्रसव के लिए चल रहा इधर से उधर रेफर करने का खेल, भड़के डीएम, जताई नाराजगी

जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में प्रसव के दौरान सर्जरी के बिंदु पर जब बात आई तो वे दंग रह गए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए सीएमएस से दीनदयाल अस्पताल की चारों सर्जन के काम की समीक्षा कर उनमें सुधार के लिए कहा।अलीगढ़ जिले में गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान सर्जरी की जरूरत पर कहीं न कहीं रेफरल का खेल चल रहा है। तभी तो स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा में तथ्यों के आधार पर डीएम भड़क उठे। उन्होंने दीनदयाल संयुक्त अस्पताल में चार महिला सर्जन होने के बावजूद अप्रैल में महज 27 सर्जरी पर नाराजगी जताई है। इसे लेकर सीएमएस को सुधार के निर्देश दिए हैं। इसके विपरीत महिला अस्पताल में चार सर्जन ने कुल 82 ऑपरेशन किए हैं।जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में प्रसव के दौरान सर्जरी के बिंदु पर जब बात आई तो वे दंग रह गए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए सीएमएस से दीनदयाल अस्पताल की चारों सर्जन के काम की समीक्षा कर उनमें सुधार के लिए कहा। कहा कि चार सर्जन में इतनी कम सर्जरी स्वीकार्य नहीं हैं। संस्थागत प्रसव के मामले में भी दीनदयाल अस्पताल पिछड़ा हुआ है। बाकी महिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में सर्वाधिक संस्थागत प्रसव हो रहे हैं। जिले के अन्य केंद्रों पर भी औसत के अनुसार प्रसव हो रहे हैं।कौन एएनएम करा रहीं रेफर, मांगी सूची डीएम ने समीक्षा में मार्च में उठे विषय कौन एएनएम प्रसव के लिए महिलाओं को निजी अस्पतालों में रेफर करा रही हैं। इस पर भी समीक्षा की। सीएमओ स्तर से जानकारी दी गई कि इस संबंध में एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्तर से ब्योरा जुटाया जा रहा है, जिसमें यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि जननी सुरक्षा योजना के बावजूद कौन-कौन एएनएम प्रसव व सर्जरी के लिए प्रसूताओं को निजी अस्पतालों में भेज रही हैं। ये है आंकड़ा- 203 जेएन मेडिकल कॉलेज में, 82 महिला जिला अस्पताल में, 27 दीनदयाल संयुक्त अस्पताल में, सीएचसी जवां में 20, इगलास में 13, अकराबाद में 16, 100 शैय्या अतरौली में 11, सीएचसी अतरौली में 13, खैर में सात, छर्रा में चार, गभाना में तीन प्रसव सीजर से किए।इनमें जेएन मेडिकल कॉलेज का आंकड़ा स्पष्ट नहीं, महिला जिला अस्पताल व दीनदयाल संयुक्त अस्पताल में 4-4 सर्जन हैं। बाकी जगहों पर 1-1 हैं, जबकि छर्रा-इगलास में सर्जन की तैनाती नहीं, वहां जरूरत पर दूसरी जगह से बुलाए जाते हैं। संस्थागत प्रसव की बात करें तो मेडिकल कॉलेज व महिला अस्पताल में सर्वाधिक प्रसव का आंकड़ा है। दीनदयाल अस्पताल में बहुत कम व अन्य सीएचसी पर भी कम है, जिनमें गोंडा, छर्रा व जलाली में संस्थागत प्रसव के आंकड़े में गिरावट आई है।




## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों को मिली जिम्मेदारी, 28 जून से शुरू होगा जिलेभर में विशेष अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जनपद में 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए सभी विभागों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि अभियान के पहले दिन स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष पोलियो बूथ लगाए जाएंगे। सभी विद्यालय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे और जहां बूथ लगेंगे वहां मिड-डे मील की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने और पांच वर्ष तक के बच्चों को बूथ तक लाने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम प्रधानों, वार्ड सदस्यों और धार्मिक स्थलों के उद्घोषणा तंत्र के जरिए भी अभियान का प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में करीब 7 लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बूथ दिवस के बाद 29 जून से घर-घर जाकर छूटे बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि 6 जुलाई को मॉप-अप राउंड चलेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान के लिए 2823 बूथ और 1732 टीमें लगाई गई हैं।




# खेत तालाब योजना से किसानों को मिलेगा लाभ, ऑनलाइन आवेदन शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत । भूमि संरक्षण अधिकारी कौशल किशोर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत पर ड्रॉप मोर ड्रॉप योजना के तहत खेत तालाब योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन टोकन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है तथा किसानों को 1000 रुपये टोकन मनी जमा करनी होगी। योजना के तहत प्रत्येक तालाब का मानक आकार 22 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरा निर्धारित किया गया है। एक तालाब की कुल लागत 1.05 लाख रुपये है, जिसमें किसानों को 50 प्रतिशत यानी 52,500 रुपये का अनुदान डीबीटी के माध्यम से दो किस्तों में दिया जाएगा। पहली किस्त 39,375 रुपये तालाब की खुदाई पूरी होने पर तथा दूसरी किस्त 13,125 रुपये इनलेट और डिस्प्ले बोर्ड लगाने के बाद दी जाएगी। इसके अलावा पम्पसेट खरीदने पर भी 50 प्रतिशत या अधिकतम 15 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना में किसानों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। वर्ष 2026-27 में जनपद पीलीभीत को कुल 12 तालाबों का लक्ष्य मिला है, जिसमें 10 सामान्य वर्ग तथा 2 अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्धारित हैं।

# भीषण आंधी-तूफान के बीच पूरी रात सड़कों पर रहे डीएम-एसपी, राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा / आपदा की घड़ी में प्रशासन बना सहारा, प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण दो मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता, घायलों के उपचार एवं क्षति आंकलन के निर्देश जनपद में 28 मई की रात्रि आए भीषण आंधी-तूफान, तेज वर्षा एवं बिजली कड़कने की घटना के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन ने आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं, बेड, बिजली बैकअप एवं मानव संसाधन उपलब्ध रहें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दैनिक क्षति सूचना के अनुसार भीषण आंधी-तूफान की घटना में जनपद में दो लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। शासन की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 23 पशुओं की क्षति, 7 व्यक्तियों के घायल होने तथा 45 मकानों के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। कुल 12.88 लाख से अधिक की राहत सहायता प्रभावित परिवारों को प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित की गई है। जिलाधिकारी ने राजस्व, स्वास्थ्य, विद्युत, पुलिस एवं नगर निकाय विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा राहत कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप आपदा प्रभावित प्रत्येक नागरिक तक समयबद्ध सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर विद्युत पोल एवं लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनका सर्वे एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से प्राप्त मौसम चेतावनियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार, मुनादी एवं जनजागरूकता के कारण संभावित क्षति को काफी हद तक कम किया जा सका है।प्रशासन की सतत निगरानी, त्वरित कार्रवाई एवं पूरी रात फील्ड में मौजूद रहकर किए गए प्रयासों के चलते जनपद में स्थिति नियंत्रण में है तथा राहत एवं पुनर्वास कार्य निरंतर जारी हैं।



## ग्राम कांकर में पहली बार पहुंचे कलेक्टर, ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकमसिंह रघुवंशी/विदिशा- विदिशा जिले के कुरवाई तहसील क्षेत्र के ग्राम करमेडी, माला मेहलुआ, भौरासा एवं कांकर में आज कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में पहुंचकर आमजन की मूलभूत समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं हितलाभ की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।ग्राम कांकर में कलेक्टर के पहुंचते ही ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पहली बार कोई कलेक्टर पहुंचा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर का आत्मीय स्वागत ग्रामीणों के द्वारा किया।




# हमीरपुर जिले में निर्माणाधीन पुल ढहने से 6 मजदूरों की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ हमीरपुर, उत्तर प्रदेश = हमीरपुर जिले में निर्माणाधीन पुल ढहने से 6 मजदूरों की मौत भीषण आंधी-तूफान और बारिश के बीच निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा,

बेतवा नदी पर बन रहे पुल का हिस्सा ढहने से छह मजदूरों की दर्दनाक मौत, मलबे में दबे मजदूरों को निकालने के लिए SDRF, पुलिस और प्रशासन चला रहा रेस्क्यू, एक मजदूर के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका, सदर एसडीएम अभिषेक प्रकाश सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद, ललपुरा क्षेत्र के मोराकंदर और कुरारा क्षेत्र के नैथी गांव को जोड़ने के लिए बन रहा था पुल, जिले भर में आंधी-तूफान से भारी तबाही, कई जगह पेड़ गिरे और बिजली आपूर्ति हुई बाधित, तेज बारिश और तूफान से जनजीवन प्रभावित, राहत एवं बचाव कार्य जारी..



## संक्षिप्त समाचार

### 31 मई को पांच केद्रो पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा / आज जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारियों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए परीक्षा को सुचिता पूर्ण, शांतिपूर्ण व सकुशल रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जनपद में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुल 2160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश परीक्षा के संबंध में प्राप्त सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, फ्रिस्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि 31 मई 2026 दिन रविवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें नेहरू मेमोरियल शिव नरायन दास पीजी कालेज, केदारनाथ महिला इंटर कालेज, राजकीय डिग्री कालेज, पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कालेज व एसके इंटर कालेज हैं। जिसमें 2160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक दो केन्द्रों पर एक केन्द्र प्रतिनिधि भी नियुक्ति किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी। जिसमें प्रथम पाली प्रात: 9:00 से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2:00 बजे से 5:00 तक होगी। उन्होंनें बताया कि परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरा की भी व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि इस बार की परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कराई जा रही है। इस अवसर पर केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व ऑब्जर्वर आदि उपस्थित रहे।



### शाम के समय तहसील परिसर में नीम के पेड़ में लगी अचानक लगी आग

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार / आग की तेज लपटे देख आस पास के लोगों में हड़कंप, फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची बुझी आग बड़ा हादसा टला. कोंच(जालौन)। तहसील परिसर के पास लेखपाल कक्ष बना हुआ है ठीक उसी के पीछे एक बड़ा पुराना नीम का पेड़ भी लगा है आज शाम के समय उस पेड़ के पास कूड़ा भी इकट्ठा पड़ा था माना जा रहा की उस पड़े कूड़े में अचानक आग लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर नीम के पेड़ को अपनी चपेट में ले लिया देखते देखते उस पेड़ में भीषण आग लग गई और पेड़ धूं धूं कर जलने लगा जब लोगो ने इस पेड़ में लगी आग के बारे में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी तो मौके पर एसडीएम हेमंत पटेल सीओ परमेश्वर प्रसाद कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह आदि पुलिस बल मौके पर पहुंचा और इस आग लगने पर फायर स्टेशन को खबर दी मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची और फायर मैनो ने कड़ी मशक्कत के बाद लगी आग बुझाने का काम किया अगर यह आग कही और पहुंच जाती तो निश्चित ही बड़ा हादसा हो सकता था क्यों कि तहसील कार्यालय सीओ कार्यालय आदि ऑफिस बगल में ही थे फिलहाल आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है यह आग कैसी लगी इसकी भी जांच होनी चाहिए।

### कुदारी गांव में मार पीट में लहूलुहान कर दिया युवक को

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार / (जालौन)। कोंच सर्किल के थाना कैलिया में तहरीर देते हुये तुलाराम पुत्र छदामी बरार निवासी ग्राम कुदारी थाना कैलिया ने बताया है कि घटना दिनांक 26 मई की रात नो बजे की है में घर पर था मेरा लड़का प्रशांत उर्फ किसमिस और मेरे नाती अनिल कुमार गांव में गया तो वहां क्लू पुत्र नन्नाई बरार राम केश पुत्र नन्नाई बरार गोधन पुत्र क्लू बरार रोहित पुत्र राम केश बरार निवासी ग्राम कुदारी ने गाली गलौज की तो मेरा लड़का प्रशांत उर्फ किसमिस ने मना किया तो उक्त लोग लाठी डंडा लेकर सीधा आकर मारपीट करने लगे उक्त लोगों ने मिलकर मेरे लड़के नाती को बुरी तरह पटक कर मारा पीटा में शोर सुनकर मौके पर पहुंचा तो मैने बीच बचाव कराया जिसमें मेरे लड़के प्रशांत उर्फ किसमिस के सिर माथे पर चोट आई है और वह लहूलुहान हो गया है और उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे है।



# मां की ममता पहले छिनी, अब पिता का साया भी उठा, अनाथ हो गए तीन बच्चे; सबके मन में सवाल- कौन बनेगा सहारा?

स्कूल संचालक महेंद्रपाल की मौत से तीन बच्चे अनाथ हो गए। वे पहले ही अपनी दोनों माताओं को खो चुके थे। अब पिता का साया भी उठ गया। परिजनों को बच्चों की परवरिश की चिंता है। स्कूल संचालक महेंद्रपाल की मौत के बाद तीनों बच्चे अनाथ हो गए। अपनी सगी मां को बचपन में ही खो दिया। पिता ने दूसरी शादी की, लेकिन इन बच्चों को दूसरी मां का साथ भी अधिक दिनों तक नहीं मिल सका। अब पिता का भी साया सिर से उठ गया। तीनों बच्चों की परवरिश को लेकर परिजनों में चिंता है। हंसता-खेलता परिवार ऐसे मोड़ पर आ गया, जहां दुखों के सिवा कुछ नहीं रह गया। महेंद्रपाल की जिंदगी में दुखों का सिलसिला काफी पुराना है। ग्रामीणों के मुताबिक, महेंद्रपाल को अपनी जिंदगी को संवारने और बच्चों की परवरिश के लिए दो शादियां करनी पड़ीं, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। पहली शादी बहेड़ी निवासी सरला देवी से हुई थी। करीब आठ वर्ष पूर्व सरला देवी की बीमारी से मृत्यु हो गई। उनसे चार बच्चे पुत्री प्रभा (17), सुधा (16) और दो जुड़वां पुत्र राम और लखन (8 वर्ष ) हुए। लखन की लगभग एक वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई। पहली पत्नी की मौत के बाद बच्चों की देखभाल और अकेलेपन को दूर करने के लिए महेंद्रपाल ने करीब छह साल पहले छिनकी (बहेड़ी) की रहने वाली रिंकी से दूसरी शादी की, लेकिन दुखों ने यहां भी पीछा नहीं छोड़ा। करीब तीन साल पहले रिंकी की भी मौत हो गई। दोनों माताओं को खोने के बाद तीनों बच्चे अपने पिता महेंद्रपाल के सहारे रह रहे थे। बड़ी बहनें मिलकर छोटे भाई राम को संभालती रहीं हैं। चार दिन पहले धान का बीज लेने की बात कहकर निकले महेंद्रपाल के वापस लौटने की बच्चे प्रतीक्षा करते रह गए। पिता की मौत से बदहवास हो गए तीनों बच्चे - बृहस्पतिवार को जैसे ही महेंद्रपाल का शव मिलने की सूचना गांव पहुंची तो तीनों बदहवास हो गए। पिता की मौत ने इन मासूमों के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है। बेटियों की शादी और बेटे की परवरिश कैसे होगी? परिजनों को यही चिंता सता रही है। बरेली की महिला कौन, जो अक्सर गांव में आकर करती थी हंगामा- ग्रामीणों में चर्चा है कि जब महेंद्र पाल का बेटा लखन बीमार हुआ तो इलाज के लिए वह ऋषिकेश ले गए। वहां के अस्पताल में इलाज के दौरान बरेली की एक महिला से उनकी जान पहचान हो गई। वह महिला भी अस्पताल में अपने एक परिजन का इलाज करा रही थी। बताते हैं कि दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया था। बाद में वह महिला कई बार गांव आई और हंगामा किया। उस महिला को लेकर महेंद्र पाल अक्सर परेशान हो जाता था। अब किसके सहारे कटेंगी बच्चों की राहें- दो-दो माताओं को खोने के बाद तीनों बच्चे अपने पिता महेंद्रपाल के सहारे जी रहे थे। बच्चों को उम्मीद थी कि पिता कमाकर लौटेंगे और उनका घर फिर से सामान्य होगा। लेकिन गुरुवार को जैसे ही महेंद्रपाल का शव मिलने की खबर गांव पहुंची, तीनों बच्चों के पैरों तले जमीन खिसक गई। घर में अब केवल रोने-बिलखने की आवाजें आ रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 17 साल की प्रभा, 16 साल की सुधा और महज 8 साल के मासूम राम का पालन-पोषण अब किसके सहारे होगा? पिता की मौत ने इन मासूमों के भविष्य पर एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। बेटियों की शादी और बेटे की परवरिश आखिर कैसे होगी। एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा ने बताया कि घटनाक्रम के खुलासे के लिए टीम को लगाया गया है।



# मानसून मंदिर: 'जब रोता है पत्थर, तब बरसते हैं इंद्रदेव', गर्भगृह में टपकती हैं बूंदें, 400 साल का है ये रहस्य

एक ऐसा मंदिर, जो आसमान में बादल छाने से कई दिन पहले ही बता देता है कि देश में मानसून कैसा रहेगा! उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में भीतरगांव ब्लॉक के बेहटा बुजुर्ग गांव में भगवान जगन्नाथ जी का मंदिर इन दिनों फिर से पूरी दुनिया में कौतूहल का विषय बना हुआ है।क्या आप एक ऐसे मंदिर के बारे में जानते हैं जिसके सामने आधुनिक विज्ञान, बड़े-बड़े सुपर कंप्यूटर और मौसम वैज्ञानिकों की अत्याधुनिक भविष्यवाणियां भी घुटने टेक देती हैं? एक ऐसा मंदिर, जो आसमान में काले बादलों का नामोनिशान छाने से कई दिन पहले ही यह बता देता है कि इस वर्ष देश में मानसून का मिजाज कैसा रहेगा! उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में भीतरगांव ब्लॉक के बेहटा बुजुर्ग गांव में स्थित अति प्राचीन और चमत्कारी भगवान जगन्नाथ जी का मंदिर इन दिनों फिर से पूरी दुनिया में कौतूहल और आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है।तपती दोपहरी, आसमान से बरसती आग और नौतपा की चिलचिलाती गर्मी के बीच, जहां आम इंसान और पशु-पक्षी बेहाल हैं, वहीं इस रहस्यमयी मंदिर ने देश में मानसूनी बारिश नजदीक होने का सबसे सटीक और पुख्ता संकेत दे दिया है। मंदिर के गर्भगृह के शिखर से बीती 26 मई से पानी की इक्का-दुक्का बूंदें टपकना शुरू हो गई हैं, जिसने ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी ला दी है।नौतपा के बीच मिला झमाझम बारिश का संकेत- मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर एक बेहद दुर्लभ और रहस्यमयी आयताकार पत्थर लगा है। इस पत्थर की महिमा और बनावट ऐसी है कि जब बाहर भीषण गर्मी अपने चरम पर होती है, तब इस पत्थर पर पानी की छोटी-छोटी बूंदें उभरने लगती हैं। ग्रामीण इस पत्थर को प्रकृति का अनूठा %मौसम विज्ञान केंद्र% मानते हैं। मानसूनी बारिश आने के तकरीबन बीस दिन पहले इस मंदिर की छत से बूंदें टपकने लगती हैं।इस तारीख से बरसेंगे बदरा- फिलहाल इन मानसूनी बूंदों का आकार और घनत्व अभी छोटा है, लेकिन एक सप्ताह बाद इन बूंदों का आकार बड़ा होने का अनुमान है। मंदिर के इस प्राचीन और अचूक गणित के अनुसार, इलाके में आगामी 20 से 25 जून के बीच झमाझम मानसूनी बारिश शुरू होने का पुख्ता अनुमान है। ग्रामीणों का अटूट विश्वास है कि पत्थर से गिरने वाली बूंदों का घनत्व जितना अधिक होगा, इंद्रदेव उतने ही मेहरबान होंगे और बारिश उतनी ही मस्त होगी।पहली बारिश होते ही पूरी तरह सूख जाता है यह रहस्यमयी पत्थर- इस अटूट चमत्कार की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मानसून आने के 20 दिन पहले टपकने वाला यह पत्थर, बाहर पहली बारिश की फुहार पड़ते ही अंदर से पूरी तरह सूख जाता है। विज्ञान कहता है कि इस बार मानसून लेट होगा या सूखा पड़ेगा, और कई बार विज्ञान की ये बातें गलत भी साबित हो जाती हैं; लेकिन इस मंदिर की भविष्यवाणी कभी फेल नहीं होती।यदि पत्थर से टपकने वाली बूंदें छोटी हैं, तो सूखा पड़ने का अंदेशा होता है और अगर बूंदें बड़ी हैं, तो समझो भारी बारिश होने वाली है। सदियां बीत गईं, तकनीक बदल गई, लेकिन इस मानसूनी पत्थर का रहस्य आज भी उतना ही अटूट है, जिसे देखकर बड़े-बड़े मौसम वैज्ञानिक भी भौचक्के रह जाते हैं।9वीं सदी का बौद्ध मठनुमा आकार और सात समंदर पार से आते विदेशी- भगवान जगन्नाथ मंदिर की आयु का सटीक आकलन आज तक कोई नहीं कर पाया है। पुरातत्व विभाग के कई सर्वेक्षणों के बाद भी इसके निर्माण को लेकर कोई स्पष्ट ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिले हैं। बौद्ध मठ के आकार में बने इस मंदिर की दीवारें करीब 14 फीट मोटी हैं। इसके गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और बहन सुभद्रा की काले चिकने पत्थरों की भव्य और अलौकिक मूर्तियां स्थापित हैं।9वीं सदी से अजूबा बना है जगन्नाथ मंदिर- भगवान जगन्नाथ मंदिर की आयु का सटीक आकलन कोई नहीं कर पाया है पुरातत्व विभाग के कई सर्वेक्षण के बाद भी यह कब और किसने बनवाया, इसका कोई स्पष्ट ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिले। बौद्ध मठ के आकार में बने इस मंदिर की दीवारें करीब 14 फीट मोटी हैं। इसके गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और बहन सुभद्रा की काले चिकने पत्थरों की भव्य मूर्तियां स्थापित हैं मंदिर के बाहरी हिस्से पर बने मोर के निशान और चक्र को देखकर इसे राजा हर्षवर्धन कालीन 9वीं सदी के होने का अंदाजा लगाया जाता है, जिसका जीर्णोद्धार 11वीं शताब्दी के आसपास हुआ था।



## संक्षिप्त समाचार

### शादी के 26वें दिन पति ने दी जान: शाम में पत्नी ने की ऐसी हरकत, जो युवक से न हुई बर्दाश्त, रात में लगा ली फांसी

मरोहा में शादी के 25 दिन बाद पति ने आत्महत्या कर ली। नवविवाहिता से कहासुनी के दौरान कड़वे शब्द सुनकर वह बर्दाश्त नहीं कर सका। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी के 25 दिन बाद पति से कहासुनी होने पर नवविवाहिता ने ऐसे कड़वे शब्दों का प्रयोग किया, जिन्हें पति बर्दाश्त नहीं कर सका और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया।आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने का काम करता था। 25 दिन पहले उसकी शादी सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। बताते हैं कि नवदंपती में शादी के दो दिन बाद से ही किसी बात को लेकर मनमुटाव शुरू हो गया था। बुधवार शाम को भी दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। परिजनों ने बताया कि कहासुनी के दौरान नवविवाहिता ने गुस्से में पति को ऐसा ताना मारा दिया, जिन्हें वह बर्दाश्त नहीं कर सका और रात में किसी समय कमरे में ही फंदे पर लगाकर आत्महत्या कर दी। बृहस्पतिवार की सुबह को कमरे में उसका शव फंदे पर लटका मिला। युवक दो भाइयों में छोटा था। परिजनों ने बिना कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि इस मामले में कोई सूचना नहीं मिली है।

### मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह ने आग की लपटों में कूदकर बचाई ग्रामीणों की जान

क्यूँ न लिखूँ सच / बहराइच / बहराइच के मटेरा थाना क्षेत्र के लालपुर शिवपुर (मजरा खाटकनपुरवा) में जब अज्ञात कारणों



से भीषण आग लगी और चीख-पुकार मच गई, तब खाकी का एक ऐसा मानवीय और जांबाज चेहरा सामने आया जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। आग की विकराल लपटों और धुएं के बीच मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद आग में छलांग लगा दी। उन्होंने सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय देते हुए घरों के भीतर फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला।फायर ब्रिगेड के आने से पहले थाना प्रभारी ने खुद सामने खड़े होकर ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने के काम में कमान संभाली और आग पर काबू पाया। पुलिस अफसर के इस साहसिक और मददगार रूप को देखकर पूरे क्षेत्र के लोग उनकी बहादुरी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। संकट के समय देवदूत बने हरिकेश सिंह ने साबित कर दिया कि पुलिस हमेशा जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# 25 हजार की इनामी बीएसए शालिनी को नहीं मिली राहत, हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी खारिज की

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक के आत्महत्या मामले में फरार चल रहीं देवरिया के पूर्व बीएसए शालिनी श्रीवास्तव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। फरार बीएसए के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 हजार की इनामी देवरिया की तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करते हुए भ्रष्टाचार और सरकारी तंत्र में अवैध वसूली को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि सरकारी कार्यालयों को आदेश बेचने की खुली दुकान नहीं बनने दिया जा सकता। कोर्ट ने माना कि मामले में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हैं और जांच में मिले साक्ष्य आवेदिका के खिलाफ आरोपों को समर्थन देते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की एकलपीठ ने दिया है।



मामला देवरिया के शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या से जुड़ा है। शिक्षक की पत्नी की ओर से दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात क्लर्क संजीव सिंह और बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में पक्ष में आदेश पारित करने के बदले तीन शिक्षकों से 16-16 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के अनुसार रुपये देने के बावजूद लगातार और धन की मांग तथा मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिससे परेशान होकर शिक्षक ने आत्महत्या कर ली। शिक्षकों को मांगी जा रही थी रिश्वत- अभियोजन के अनुसार मृतक कृष्ण मोहन सिंह, ओंकार सिंह और अपर्णा तिवारी वर्ष 2016 में सहायक शिक्षक नियुक्त हुए थे। बाद में उनकी नियुक्तियां निरस्त कर दी गईं, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फरवरी 2025 में हाईकोर्ट ने निरस्तीकरण आदेश रद्द कर मामले पर पुनर्विचार का निर्देश दिया था। आरोप है कि इसी आदेश के अनुपालन के लिए बीएसए कार्यालय में रिश्वत मांगी गई। कोर्ट के समक्ष पेश आत्महत्या पत्र में मृतक ने विस्तार से लिखा कि तीनों शिक्षकों से पहले 20-20 लाख रुपये मांगे गए, बाद में सौदा 16-16 लाख रुपये पर तय हुआ। सुसाइड नोट में यह भी उल्लेख है कि रकम जुटाने के लिए शिक्षकों ने जमीन गिरवी रखी, गहने बैंक में जमा किए और रिश्तेदारों से उधार लिया। मृतक ने लिखा कि लगातार दबाव, अपमान और वसूली से वह टूट चुका था। शिक्षक ने लिखा था चार पन्नों का सुसाइड नोट- जांच के दौरान पुलिस को चार पन्नों का सुसाइड नोट, ऑडियो क्लिप, वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज मिले। एक वीडियो में मृतक ने कथित तौर पर कहा कि 16 लाख रुपये बीएसए मैडम ने ले लिए और इसके बावजूद उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। जांच अधिकारी ने सहकर्मी शिक्षक ओंकार सिंह का बयान भी दर्ज किया, जिसमें कथित रिश्वतखोरी की पूरी प्रक्रिया और रकम देने का विवरण सामने आया। शालिनी श्रीवास्तव की ओर से अदालत में दलील दी गई कि उनके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है। बचाव पक्ष ने कहा कि सुसाइड नोट में उनका नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिखा गया और आत्महत्या के लिए उकसाने का कोई ठोस आरोप नहीं बनता। यह भी कहा गया कि उन्हें पहले ही निलंबित किया जा चुका है और उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। हाईकोर्ट ने बीएसए पर की तल्ख टिप्पणी- राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से कहा गया कि जांच में मिले ऑडियो-वीडियो साक्ष्य, गवाहों के बयान और सीसीटीवी फुटेज रिश्वत मांगने और मानसिक उत्पीड़न की पुष्टि करते हैं। अभियोजन ने अदालत को बताया कि मृतक 20 फरवरी 2026 को बीएसए कार्यालय गया था, जहां उसे प्रताड़ित किया गया और अगले दिन उसने आत्महत्या कर ली। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मामलों में अग्रिम जमानत केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यदि भ्रष्टाचार मुक्त समाज सुनिश्चित करने के लिए किसी आरोपी की स्वतंत्रता सीमित करनी पड़े तो अदालतों को इससे हिचकना नहीं चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों को आदेश बेचने की खुली दुकान नहीं बनने दिया जा सकता। अदालत ने माना कि मृतक और अन्य शिक्षकों से अवैध धन उगाही के आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और उपलब्ध साक्ष्यों से यह नहीं लगता कि आवेदिका को झूठा फंसाया गया है।

